अनुक्रमांक नाम **G/A**

**9/10**

# वार्षिक परीक्षा 2021

# गृहविज्ञान

समय : 2½ घण्टे | कक्षा-9 | पूर्णांक : 70

*नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

## बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 तथा 2 में सभी खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर *पुस्तिका पर लिखिए -*

1. (क) स्वस्थ व्यक्ति के शरीर का वजन होता है - 1
   (i) बहुत अधिक (ii) बहुत कम
   (iii) 10 किग्रा० (iv) शरीर की लम्बाई के अनुपात में।

   (ख) स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ ......... निवास करता है - 1
   (i) मन (ii) हृदय (iii) गुर्दे (iv) मस्तिष्क।

   (ग) निम्न में से कौन-सी गैसें वायु में पाई जाती हैं - 1
   (i) अमोनिया (ii) ओजोन
   (iii) हाइड्रोजन (iv) उपर्युक्त सभी।

   (घ) गेहूँ, चावल, मक्का इत्यादि में कौन-से पोषक तत्व पाए जाते हैं - 1
   (i) कार्बोहाइड्रेट (ii) वसा
   (iii) प्रोटीन (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2. (क) टायलिन नामक एन्जाइम पाया जाता है - 1
   (i) लार में (ii) जीभ में
   (iii) अमाशय में (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

   (ख) दालों में किस प्रकार के विटामिन पाए जाते हैं - 1
   (i) थायमिन (ii) राइबोफ्लेविन
   (iii) उपर्युक्त दोनों (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

   (ग) फल सबसे अच्छे स्रोत होते हैं - 1
   (i) प्रोटीन के (ii) विटामिन के (iii) वसा के (iv) कार्बोज के।

   (घ) निम्नलिखित में से कौन एक तेल का बीज नहीं है - 1
   (i) सोयाबीन (ii) खोवा (iii) तिल (iv) मूँगफली।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 25 शब्द)

3. (क) सन्तुलित आहार किसे कहते हैं? 2
   (ख) प्राथमिक चिकित्सा से आप क्या समझते हैं? 2
   (ग) प्राथमिक चिकित्सा पेटी में कौन-कौन से सामान रखे जाते हैं? 2
   (घ) कुछ सामान्य घरेलू दुर्घटनाओं के नाम लिखिए। 2
   (ङ) लू लगने पर किए जाने वाले घरेलू उपचार लिखिए। 2
4. (क) बिच्छू के डंक का एक विशिष्ट लक्षण लिखिए। 2
   (ख) मोच आने का लक्षण बताइए। 2
   (ग) उल्टी-दस्त की घरेलू देशज औषधियाँ कौन-सी हैं? 2

(पृष्ठ पलटिए)

(घ) हल्दी के विभिन्न उपयोगी कार्य बताइए। 2

(ङ) वायु के संघटन में पाई जाने वाली तीन मुख्य गैसें बताइए। 2

## लघु उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 50 शब्द)

5. (क) मूलभूत आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं? 4

अथवा

भोजन ग्रहण करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ख) परिवार में नैतिक मूल्यों के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 4

अथवा

कुपोषण से आप क्या समझती हैं? इससे बचने के क्या उपाय हैं? सविस्तार समझाइए।

6. (क) पारिवारिक रहन-सहन के तौर-तरीके गृह अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? 4

अथवा

शुद्ध वायु मानव के जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती है?

(ख) गृह-परिचर्या का अर्थ एवं महत्त्व बताइए। 4

अथवा

गृह-परिचारिका में सहनशीलता का गुण क्यों आवश्यक है?

7. (क) गृह व्यवस्था के प्रमुख उद्देश्यों का विवरण दीजिए। 4

अथवा

गृहविज्ञान का कला के रूप में क्या परिचय है?

(ख) ऑक्सीजन क्या है? मानव-जीवन में इसकी क्या उपयोगिता है? 4

अथवा

संवातन का मानव-जीवन में क्या महत्त्व है? टिप्पणी लिखिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 100 शब्द)

8. वायु प्रदूषण के प्रमुख कारक एवं वायु प्रदूषण से होने वाले रोगों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

'गृहिणी की कुशलता गृह व्यवस्था को प्रभावित करती है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

9. जल प्रदूषण के प्रमुख कारण कौन-कौन से हैं? लिखिए। 6

अथवा

दूध को एक सम्पूर्ण आहार क्यों कहा जाता है?

10. आहार में फलों का क्या महत्त्व है? विस्तार से लिखिए। 6

अथवा

सन्तुलित आहार की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।